**आकाशवाणी**

क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 08.04.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली मुद्रा योजना की 10वीं वर्षगांठ पर इसे मौन क्रांति बताया।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से देहरादून में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का समापन।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 09 मोबाइल साइंस लैब को देहरादून से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के खिर्सू से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**<u>प्रधानमंत्री मुद्रा योजना</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। प्रधानमंत्री ने इस योजना को उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए इसे मौन क्रांति बताया।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने इस योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

श्री मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

बातचीत के दौरान, लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए।

**<u>चिंतन िािविर समापन</u>**

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से देहरादून में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर आज सम्पन्न हो गया। िािविर में केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों ने योजनाओं की बेहतर क्रियान्वयन पर मंथन किया। साथ ही सामाजिक सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, दिव्यांग पुनर्वास योजना और भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों के पुनर्वास जैसे जमीनी मुद्दों पर राज्यों ने अपने अनुभव और चुनौतियां साझा कीं। केंद्रीय समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि चिंतन शिविर से नीति निर्माण में सहयोग और सुधार की दिशा में ठोस सुझाव सामने आए हैं। राज्य और केंद्र के बीच समन्वय से योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक बेहतर ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

## खेल मंत्री

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए पात्र बच्चों का चयन करने के लिए चल रहे चयन शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में भाग लेने आए बच्चों और उनके अभिवावको से बातचीत भी की। इस योजना का लाभ ले रहे बच्चों ने कहा कि उन्हें अपने खेल उपकरण, स्पोर्ट्स शूज, ट्रैकसूट आदि खरीदने में बहुत मदद मिलती है। साथ ही इससे अच्छी डाइट लेना भी संभव हो पाया है। इस अवसर पर खेल मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि योजना में जिले में जितने अधिकतम बच्चों का चयन करने का लक्ष्य है, उससे एक भी बच्चा कम नहीं रहना चाहिए। उन्होंने चयन प्रक्रिया को इस महीने के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि 01 मई से ही सभी बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा सके।

## मोबाइल साइंस लैब

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं को लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से 9 मोबाइल साइंस लैब की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय परिसर में मोबाइल साइंस लैब के विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पिछले साल भी मुख्यमंत्री ने राज्य के चार जिलों– चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून और पौड़ी के लिए मोबाइल साइंस लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने बताया कि पहले चरण में राज्य के चार जिलों में लैब ऑन व्हील्स का सफल संचालन रहा। इसके अभूतपूर्व परिणाम को देखते हुए प्रदे''ा के शेष जिलों में आज लैब ऑन व्हील्स का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि यूकॉस्ट की ओर से प्रदे''ा सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना के माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत प्रयोगशाला, व्यावहारिक प्रदर्शनों–मॉडलों, विज्ञान गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदेश के कक्षा छह से दसवीं तक के छात्र–छात्राओं को जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित आदि विषय के पाठ्यक्रम को और अच्छे से सीखने और समझ पाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज पौड़ी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज, खिर्सू से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई। इसके लिये आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, महाविद्यालयों और पीएचसी सेंटरों सहित दूरस्थ क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में सघन अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में अड़तीस लाख 50 हजार बच्चों को कृमि नाशक दवा दी जाएगी।

उधर, देहरादून सहित प्रदे''ा के अन्य जिलों में भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत छात्र–छात्राओं को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई।

## सचिव निरीक्षण

प्रदे''ा के चिकित्सा स्वास्थ्य सचिव व चारधाम यात्रा के बदरीनाथ के नोडल अधिकारी डॉ. आर. राजेश कुमार ने आज चमोली जिले के कमेड़ा से बदरीनाथ तक सड़क, स्वास्थ्य और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौचर रजिस्ट्रेशन सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौचर, ट्रामा सेन्टर कर्णप्रयाग, मेला मैदान गौचर का निरीक्षण किया। डॉ. कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अन्तर्गत कमेड़ा भूस्खलन जोन में कार्यदायी संस्था को 20 दिन में डामरीकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, बल्कि सड़क मार्ग व यात्रा मार्ग पर आपदा के तहत बनी योजनाओं का मुआयना भी किया जा रहा है।

## घोड़ा–खच्चर पंजीकरण

आगामी दो मई से शुरू हो रही कदोरनाथ यात्रा के लिए छोड़ा–खच्चरों के पंजीकरण के दूसरे चरण के दूसरे दिन 257 घोड़ा–खच्चरों का पंजीकरण किया गया। इस मौके पर उनके खून के सैंपल लिये गए, जिन्हें ग्लैंडर्स बीमारी का पता लगाने के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। रुद्रप्रयाग जिले के त्रियुगीनारायण और सोनप्रयाग में घोड़ा–खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच, बीमा और पंजीकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। पशुपालन विभाग की आठ सदस्यीय चिकित्सकीय दल, जिला पंचायत और एक कंपनी के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने घोड़ा–खच्चरों की जांच की। स्वास्थ्य रिपोर्ट के आधार पर त्रियुगीनारायण में 79 और सोनप्रयाग में 178 घोड़ा–खच्चरों का पंजीकरण और बीमा किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि शिविर में घोड़ा–खच्चरों के जांच की गई और रिपोर्ट के आधार पर पंजीकरण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष सिंह रावत ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा।